डाक टिकट की गुत्थी



चित्रः आमोद कारखानिस

पृष्ठ क्रमांक 30 से आगे .....

इसके लिए 1, 4, 7 और 8 मारिया की चार टिकटों की ज़रूरत होगी। इस बार आप खुद जांच सकते हैं कि यह हल सही है कि नहीं।

अगले ही साल मंगल ग्रह पर अचानक सब चीज़ों की कीमतें बेहताशा बढ़ गईं जिसका असर डाक व्यवस्था पर भी पड़ा। अब 36 मारिया तक की डाक टिकटों की ज़रूरत थी। रुस्तम मोहराबादी ने थोड़ा और विचार किया व पाया कि अपनी शर्त पर डटे रहने के लिए उन्हें अब पांच टिकटों की ज़रूरत होगी। रुस्तम अभी भी अपनी शर्त पर कायम रहना चाहते थे कि किसी भी लिफाफे पर लोगों को तीन से ज़्यादा टिकटें चिपकानी न पड़ें। अभी भी हल इतना मुश्किल नहीं है कि बहुत ज़्यादा मशक्कत करनी पड़े, इसलिए कोशिश ज़रूर करें।

इस बार कौन-सी पांच टिकटें जारी की होंगी रुस्तम मोहराबादी ने?



भागः 4 देखिए पृष्ठ क्रमांक 68 पर।